विप की खाली सीटों पर जल्द होगा चुनाव

विशेष संवाददाता ▷ पटना

विधान परिषद की खाली सीटों पर जल्द चुनाव कराया जायेगा. राज्य सरकार ने इसके लिए चुनाव आयोग से अनुरोध किया है. संसदीय कार्य विभाग ने इस संबंध में मुख्य निर्वाचन कार्यालय को इस आशय का पत्र भेजा गया है. पत्र में कहा गया है कि बिहार विधान परिषद की 29 सीटें खाली पड़ी हैं. लॉकडाउन के कारण इन सीटों पर चुनाव नहीं हो पाया है. अब लॉकडाउन में ढील दी गयी है, इसलिए महाराष्ट्र की तरह यहां भी चुनाव कराया जा सकता है. सूत्र बताते हैं कि संसदीय कार्य विभाग द्वारा भेजे गये अनुरोध को मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने चुनाव आयोग को भेज दिया है. उम्मीद की जा रही है कि एक से दो दिनों के अंदर खाली हुई 17 सीटों के लिए चुनाव की तिथियों का एलान हो सकता है. संसदीय कार्य विभाग और मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने जिन सीटों पर चुनाव कराये जाने की अनुशंसा की है, उनमें विधानसभा कोटे की नौ सीटें भी शामिल हैं. इसके अलावा पटना, दरभंगा, सारण और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र और पटना, दरभंगा, तिरहुत और कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की सीटें शामिल हैं. गौरतलब है कि 75 सदस्यीय बिहार विधान परिषद की 29 सीटें खाली हैं. इनमें मनोनयन कोटे की 12 सीटें भी शामिल हैं. विधान परिषद में सभापति और उपसभापति के पद भी खाली हैं. अगले महीने विधानमंडल का मॉनसून सत्र संभावित है. इसके पहले खाली हुई सीटों को भरा जाना जरूरी होगा.

लॉकडाउन के कारण टल गया था चुनाव

29 सीटें खाली हैं विधान परिषद की

09 सीटें विधानसभा कोटे की खाली हैं

04 सीटें शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की

04 सीटें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की

12 सीटें मनोनयन कोटे की खाली हैं

विधानसभा चुनाव :सीइओ के साथ आयोग ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की . उन्होंने चुनाव के लेकर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की . मालूम हो कि राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए आयोग द्वारा राज्य से लगातार संपर्क किया जा रहा है . आयोग की दो सदस्यीय टीम भी बिहार का दौरा करनेवाली है .

प्रभात खबर Fri, 12 June 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/52693642

निर्देश : बिहार चुनाव की तैयारी समय से हो

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने सभी प्रारंभिक तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार को इस संबंध में जिलों में ईवीएम को मंगाने, सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण सहित अन्य कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। बिहार चुनाव को लेकर पहली बार चुनाव आयोग के स्तर से ये बैठक आयोजित की गई।

निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को केंद्रीय निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त चंद्रभूषण कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

आयोग की बैठक

- उप निर्वाचन आयुक्त ने की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संग बैठक
- बिहार चुनाव को लेकर अबतक किये कार्यों की जानकारी ली

एचआर श्रीनिवास व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उप निर्वाचन आयुक्त ने बिहार चुनाव को लेकर अबतक किये कार्यों की जानकारी ली।

सूत्रों के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सारे जिलों में सभी 72 हजार बूथों के भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। 21 जून तक इन्हें पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

संबंधित खबर पेज 07

Patna Hindustan....html Prabhat Khabar da....pdf PATNA---City-CITY....pdf